भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 864
उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2024

बीएसएनएल का पुनरूद्धार

864. डा. वी. शिवादासन:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2022 में सरकार द्वारा घोषित 1.64 लाख करोड़ रूपए का पुनरूद्धार पैकेज के व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक इसमें से कितना व्यय किया जा चुका है;

(ग) पुनर्गठित ऋण या देनदारियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) किन मदों के अंतर्गत व्यय किया गया है; और

(ड.) उन क्षेत्रों की सूची क्या है, जहां पुनरूद्धार पैकेज के बाद बीएसएनएल द्वारा 4जी सेवा सुविधाएं प्रदान की गई हैं?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (ड.)

सरकार ने बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरुद्धार के लिए कई कदम उठाए हैं।

- वर्ष 2019 में पहले पुनरुद्धार पैकेज के लिए 69 हजार करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई जिससे बीएसएनएल/एमटीएनएल की परिचालन लागत में कमी आई।
- वर्ष 2022 में पुनरुद्धार पैकेज के लिए लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई। यह नए सिरे से पूंजी निवेश करने, ऋण का पुनर्गठन, ग्रामीण टेलीफोनी के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण आदि पर केंद्रित था।
- वर्ष 2023 में सरकार ने लगभग 89 हजार करोड़ रु. के कुल परिव्यय से तीसरे पैकेज को अनुमोदन प्रदान किया।

इन पैकेजों के परिणामस्वरूप बीएसएनएल/एमटीएनएल ने वित्त वर्ष 2020-21 से परिचालन लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है।

बीएसएनएल/एमटीएनएल स्वदेशी रूप से विकसित 4जी/5जी टेलीकॉम स्टैक शुरू कर रहे हैं।

पुनरुद्धार कार्यनीति के हिस्से के रूप में बीएसएनएल/एमटीएनएल घरेलू फाइबर कनेक्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अब तक 34 लाख से अधिक होम फाइबर कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं।

सरकार ने इन पैकेजों के संदर्भ में पूंजीगत व्यय समर्थन, स्पेक्ट्रम आवंटन, एजीआर बकाया के रूपांतरण आदि के संदर्भ में अपेक्षित व्यय किया है।

*****